# एम.पी.पी.एस.सी.

# प्रारंभिक परीक्षा-2020

# सामान्य अध्ययन-I

# (मॉडल पेपर-3)

1. बाई मेनी ए हैप्पी एक्सीडेंट: रिकलेक्शंस ऑफ ए लाइफ के लेखक हैं-
   (a) शशि थरूर (b) पी. चिदंबरम
   (c) मो. हामिद अंसारी (d) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
2. निम्न में से किस भारतीय बल्लेबाज़ को जनवरी 2021 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिये आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?
   (a) ऋषभ पंत
   (b) श्रेयस अय्यर
   (c) शिखर धवन
   (d) शुभमन गिल
3. मुख्यमंत्री आशीर्वाद योजना का प्रारंभ मध्य प्रदेश के किस ज़िले से किया गया?
   (a) ग्वालियर (b) ओरछा
   (c) भोपाल (d) इंदौर
4. सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी (2020-21) के फाइनल में किसे हराकर तमिलनाडु ने यह खिताब अपने नाम किया?
   (a) सौराष्ट्र को (b) गोवा को
   (c) बड़ौदा को (d) राजस्थान को
5. हाल ही में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एंटी सैटेलाइट मिसाइल सिस्टम के एक मॉडल का उद्घाटन किया-
   (a) लखनऊ में
   (b) नई दिल्ली में
   (c) वाराणसी में
   (d) भोपाल में
6. हाल ही में किसने इज़राइल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है?
   (a) बेंजामिन नेतन्याहू (b) नफ्ताली बेनेट
   (c) इब्राहिम रायसी (d) मुस्तफा अल-काधेमी
7. पश्चिमी घाट को स्थानीय तौर पर अनेक नाम दिये गए है। इसके स्थानीय नाम के संदर्भ में कौन सही सुमेलित **नहीं** है?
   (a) महाराष्ट्र - सह्याद्रि
   (b) कर्नाटक - अन्नामलाई
   (c) केरल - कार्डमम (इलायची)
   (d) तमिलनाडु - नीलगिरि
8. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **नदियाँ** | | **संबंधित दर्रा** |
|---|---|---|
| 1. रावी | : | रोहतांग दर्रा |
| 2. व्यास | : | बारा लाचा दर्रा |
| 3. सतलुज | : | शिपकीला दर्रा |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3
9. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कारक भारतीय मानसून को प्रभावित करता है/करते हैं?
   (a) एल-नीनो
   (b) पश्चिमी जेट धाराएँ
   (c) तिब्बत का पठार
   (d) उपर्युक्त सभी।
10. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (प्रमुख बांध)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| A. चेरुथोनी बांध | 1. मध्य प्रदेश |
| B. इंदिरा सागर बांध | 2. तमिलनाडु |
| C. कृष्णराज सागर बांध | 3. कर्नाटक |
| D. मेत्तूर बांध | 4. केरल |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

11. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (उद्योग)** | **सूची-II (अवस्थिति)** |
|---|---|
| A. रेलवे उपस्कर | 1. कोच्चि |
| B. मोटरवाहन | 2. लुधियाना |
| C. पोत-निर्माण | 3. भिलाई |
| D. साइकिल | 4. जबलपुर |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

12. पिट्टी द्वीप, जहाँ मनुष्य का आवास **नहीं** है तथा वहाँ एक पक्षी अभयारण्य है, भारत में कहाँ स्थित है?
   (a) अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में
   (b) लक्षद्वीप में
   (c) न्यू मूर द्वीप समूह में
   (d) भारत एवं श्रीलंका के बीच

Drishti IAS

13. यदि पृथ्वी की घूर्णन गति न हो तो इसका/इसके परिणाम होगा/होंगे-
   (a) सूर्योदय और सूर्यास्त नहीं होगा।
   (b) दिन और रात्रि चक्र नहीं होगा।
   (c) केवल एक ऋतु होगी।
   (d) (a) और (b) दोनों

14. भूकंपीय तरंगों के संचरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) P-तरंगों से पदार्थ के घनत्व में भिन्नता आती है और शैलों में संकुचन व फैलाव उत्पन्न होता है।
   (b) S-तरंगें जिस पदार्थ से होकर गुज़रती हैं, उसमें उभार व गर्त बनाती हैं।
   (c) L-तरंगों को धरातलीय तरंगें कहा जाता है।
   (d) उपर्युक्त सभी।

15. उत्तरी गोलार्द्ध में अल्पतम दिवस लंबाई (सबसे छोटा दिन) कब होती है?
   (a) 21 मार्च को (b) 23 सितंबर को
   (c) 22 नवंबर को (d) 22 दिसंबर को

16. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

| सूची-I (घास का प्रकार) | सूची-II (देश) |
|---|---|
| A. लानोज़ | 1. ऑस्ट्रेलिया |
| B. प्रेयरीज़ | 2. वेनेजुएला |
| C. पंपास | 3. यू.एस.ए. |
| D. डाउंस | 4. अर्जेंटीना |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

17. 'लिबरो' का संबंध किस खेल से है?
   (a) बास्केटबॉल (b) क्रिकेट
   (c) वॉलीबॉल (d) कैरम

18. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा प्रवाह एकदिशीय होता है। यह एक दिशात्मक पारिस्थितिकी तंत्र को अपने अस्तित्व को बनाए रखने तथा नष्ट होने से बचाने में मदद करती है।
   (b) पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा प्रवाह शाकाहारी से मांसाहारी और मांसाहारी से शाकाहारी की ओर होता है।
   (c) मांसाहारी ऊर्जा की अधिकतम मात्रा प्राप्त करते हैं।
   (d) उत्पादकों के निकट रहने वाले जीव मांसाहारियों की तुलना में कम ऊर्जा प्राप्त करते हैं।

19. सर्वप्रथम ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) का प्रयोग किस चुनाव में किया गया?
   (a) 2004, लोकसभा चुनाव
   (b) 2013, नागालैंड विधानसभा चुनाव
   (c) 2019, लोकसभा चुनाव
   (d) 1982, पारूर (केरल) विधानसभा उपचुनाव

20. हमारे देश के शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (Air Quality Index) का परिकलन करने में साधारणतया निम्नलिखित में से किस/किन वायुमंडलीय गैस/गैसों को ध्यान में रखा जाता है?
   (a) कार्बन मोनोऑक्साइड
   (b) नाइट्रोजन डाईऑक्साइड
   (c) सल्फर डाईऑक्साइड
   (d) उपर्युक्त सभी।

21. वे प्रजातियाँ, जिन्हें यदि संरक्षित **नहीं** किया गया या उनके विलुप्त होने में सहयोगी कारक जारी रहे तो निकट भविष्य में उनके विलुप्त होने का खतरा है। प्राकृतिक संसाधनों व पर्यावरण संरक्षण की अंतर्राष्ट्रीय संस्था (IUCN) ने इस प्रकार के पौधों व जंतुओं की प्रजातियों को किस वर्ग में रखा है?
   (a) संकटापन्न प्रजातियाँ (Endangered Species)
   (b) सुभेद्य प्रजातियाँ (Vulnerable Species)
   (c) दुर्लभ प्रजातियाँ (Rare Species)
   (d) इनमें से कोई नहीं।

22. 'संजय गांधी' राष्ट्रीय उद्यान अवस्थित है-
   (a) महाराष्ट्र में (b) राजस्थान में
   (c) तमिलनाडु में (d) उत्तर प्रदेश में

23. संघ लोक सेवा आयोग के प्रथम भारतीय अध्यक्ष थे-
   (a) रॉस बार्कर (b) एच के कृपलानी
   (c) आर.एन. बनर्जी (d) बी.एन.झा

24. राज्य लोक सेवा आयोग-
   (a) नियामक संगठन है
   (b) संसदीय अध्यादेश से स्थापित है
   (c) वैधानिक संगठन है
   (d) संवैधानिक संगठन है

25. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्यों की पदावधि पदग्रहण की तारीख से होती है-
   (a) 5 वर्ष तक या 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक
   (b) 3 वर्ष तक या 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक

(c) 6 वर्ष तक या 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक
(d) 6 वर्ष तक या 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक

26. राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति कौन करता/करती है?
(a) संसद
(b) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
(c) केंद्र सरकार
(d) लोकसभा अध्यक्ष

27. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का प्रथम अध्यक्ष इनमें से कौन था?
(a) स्तुति नारायण कक्कड़
(b) कुशल सिंह
(c) प्रियंक कानूनगो
(d) शांता सिन्हा

28. मध्य प्रदेश राज्य खाद्य आयोग को निम्न में से किस प्रकार की शक्तियाँ प्राप्त हैं?
(a) राजस्व न्यायालय (b) आपराधिक न्यायालय
(c) सिविल न्यायालय (d) ग्राम न्यायालय

29. किस संविधान संशोधन द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिये पृथक्-पृथक् राष्ट्रीय आयोग गठित करने का प्रावधान किया गया?
(a) 89वें संविधान संशोधन द्वारा
(b) 61वें संविधान संशोधन द्वारा
(c) 52वें संविधान संशोधन द्वारा
(d) 42वें संविधान संशोधन द्वारा

30. पहला डेस्कटॉप हाइब्रिड कंप्यूटिंग सिस्टम है-
(a) HYDAC 2400
(b) HYCOMP 250
(c) C–DAC
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

31. निम्नलिखित में से किसे ई-गवर्नेंस और गुड गवर्नेंस का नवोन्मेषी अंग माना जाता है?
(a) प्रगति (b) उमंग
(c) भीम 2.0 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

32. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सर्च इंजन **नहीं** है?
(a) गूगल (b) बिंग
(c) याहू (d) फायरवाल

33. एक संगठन की वेबसाइट में '.Com' है-
(a) संचार (Communication)
(b) कमान (Command)
(c) कंपनी (Company)
(d) वाणिज्यिक (Commercial)

34. धोखे से शादी कर धर्म परिवर्तन कराने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने हेतु कानून बनाने वाला मध्य प्रदेश देश का राज्य है-
(a) दूसरा (b) पहला
(c) तीसरा (d) चौथा

35. हाल ही में संसद में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (अमेंडमेंट) बिल, 2020 पारित हुआ, इस विधेयक के तहत गर्भपात की अधिकतम समय-सीमा 20 हफ्ते से बढ़ाकर की गई है-
(a) 18 हफ्ते (b) 21 हफ्ते
(c) 22 हफ्ते (d) 24 हफ्ते

36. भारत के प्राचीनतम आदिमानव का अवशेष कहाँ से प्राप्त हुआ है?
(a) आदमगढ़ (b) हथनोरा
(c) सनखेड़ा (d) पाटनी

37. ताम्र-पाषाण संस्कृति की धरोहर के लिये समृद्ध प्रदेश है-
(a) बघेलखंड क्षेत्र (b) मध्य भारत पठार
(c) सतपुड़ा क्षेत्र (d) मालवा क्षेत्र

38. निम्न में असंबद्ध (बेमेल) है-
(a) धापटी नृत्य - कोरकू
(b) विलमा - बैगा जनजाति
(c) लहँगी नृत्य - कोल
(d) भड़म नृत्य - भारिया

39. 'मंडीदीप' औद्योगिक क्षेत्र किस ज़िले में आता है?
(a) विदिशा (b) धार
(c) हरदा (d) रायसेन

40. निम्न में से कौन-सा ज़िला अंगूर उत्पादन के लिये प्रसिद्ध है?
(a) उज्जैन (b) आगर-मालवा
(c) देवास (d) रतलाम

41. भारत के 12 ज्योतिर्लिंग में से दो मध्य प्रदेश में कहाँ स्थित हैं?
(a) उज्जैन और मंदसौर (b) उज्जैन और मंडलेश्वर
(c) ओंकारेश्वर और मंदसौर (d) ओंकारेश्वर और उज्जैन

42. 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश का लिंगानुपात है-
(a) 908:1000 (b) 980:1000
(c) 965:1000 (d) 931:1000

43. 'कादंबरी' किसकी रचना है?
(a) भूषण (b) कालिदास
(c) भर्तृहरि (d) बाणभट्ट

Drishti IAS

44. बाबा गरीबनाथ मेला किस ज़िले में लगता है?
 (a) रीवा (b) अशोक नगर
 (c) नरसिंहपुर (d) शाजापुर

45. मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड का पारंपरिक लोकनृत्य है-
 (a) काठी (b) छाहर
 (c) मटकी (d) राई

46. निम्नलिखित में से बल का SI मात्रक कौन-सा है?
 (a) $ms^{-2}$ (b) $kg\ ms^{-1}$
 (c) $kg\ ms^{-2}$ (d) इनमें से कोई नहीं।

47. चश्मा बनाने में प्रयोग किया जाने वाला प्रकाशीय काँच किससे बनता है?
 (a) फ्लिंट काँच
 (b) क्रुक्स काँच
 (c) स्फटिक (क्वाट्र्ज़) काँच
 (d) तापसह काँच

48. एक नाभिकीय रिएक्टर में भारी जल का क्या कार्य होता है?
 (a) न्यूट्रॉन की गति को कम करना
 (b) न्यूट्रॉन की गति को बढ़ाना
 (c) रिएक्टर को ठंडा करना
 (d) नाभिकीय क्रिया को रोकना

49. बेकिंग सोडा का रासायनिक नाम क्या है?
 (a) $Na_2CO_3$ (b) $NaHCO_3$
 (c) $CaCO_3$ (d) NaOH

50. निम्नलिखित में से कौन-सा एक जीव अन्य तीन जीवों के वर्ग का नहीं है?
 (a) केकड़ा (b) बरूथी
 (c) बिच्छू (d) मकड़ी

51. DNA की उप-इकाइयों को क्या कहते हैं?
 (a) न्यूक्लियोटाइड
 (b) केंद्रिकाभ (न्यूक्लियोसोम)
 (c) न्यूक्लियोसाइड
 (d) पॉलिपेप्टाइड

52. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (आविष्कार)** | **सूची-II (आविष्कारकर्त्ता)** |
|---|---|
| A. किण्वन | 1. रॉबर्ट कोच |
| B. पेनिसिलीन | 2. एडवर्ड जेनर |
| C. चेचक का टीका | 3. लुई पॉश्चर |
| D. बेसीलस एंथ्रेसिस | 4. अलेक्जेंडर फ्लेमिंग |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

53. निम्नलिखित में से नासा के किस दूरबीन मिशन से 2021 में स्पिट्ज़र स्पेस टेलिस्कोप को बदलने की उम्मीद है?
 (a) हबल स्पेस टेलिस्कोप
 (b) फर्मी गामा किरण अंतरिक्ष दूरबीन
 (c) जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप
 (d) केप्लर स्पेस टेलिस्कोप

54. ब्लूटूथ (Bluetooth) तथा वाई-फाई (Wi–Fi) के बीच क्या अंतर है/हैं?
 (a) ब्लूटूथ 2.4 GHz रेडियो-आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त करता है, जबकि वाई-फाई 2.4 GHz और 5 GHz आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त कर सकता है।
 (b) ब्लूटूथ केवल बेतार स्थानीय क्षेत्रीय जाल (WLAN) प्रयुक्त करता है, जबकि वाई-फाई केवल बेतार विस्तृत क्षेत्रीय जाल (WWAN) प्रयुक्त करता है।
 (c) जब ब्लूटूथ प्रौद्योगिकी प्रयोग कर रहे दो उपकरणों के बीच सूचना प्रेषित की जाती है, तब दोनों उपकरणों का दृष्टिगत स्तर पर पंक्तिबद्ध होना आवश्यक है, किंतु जब वाई-फाई प्रौद्योगिकी प्रयोग में लाई जाती है, तब दोनों उपकरणों का दृष्टिगत स्तर पर पंक्तिबद्ध होना आवश्यक नहीं है।
 (d) इस संदर्भ में (a) तथा (b) दोनों कथन सही हैं।

55. 'परम-ईशान' (PARAM-ISHAN) संबंधित है-
 (a) सुपरकंप्यूटिंग फेसिलिटी से
 (b) सैन्य अभ्यास से
 (c) कर भुगतान से
 (d) बाह्य अंतरिक्ष मिशन से

56. 'सिंथेटिक नैनो रोबोट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
 (a) यह रोबोट पराश्रव्य तरंगों के माध्यम से संचालित किया जाता है।
 (b) यह रोबोट ट्यूमर के उपचार में काफी प्रभावी सिद्ध हो सकता है।
 (c) यह रोबोट आकार में एक रक्त कोशिका के बराबर है।
 (d) b और c दोनों।



Drishti IAS

57. ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने चाय के व्यापारिक एकाधिकार को किस चार्टर अधिनियम द्वारा खो दिया?
   (a) 1793 के चार्टर अधिनियम द्वारा
   (b) 1813 के चार्टर अधिनियम द्वारा
   (c) 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा
   (d) 1853 के चार्टर अधिनियम द्वारा

58. 42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने 1976 में पहली बार प्रस्तावना में संशोधन किया और इसमें कुछ शब्द जोड़े। इस संशोधन द्वारा प्रस्तावना में जोड़े गए शब्दों का सही अनुक्रम चुनिये–
   (a) पंथनिरपेक्ष, समाजवादी और अखंडता
   (b) अखंडता, समाजवादी और पंथनिरपेक्ष
   (c) समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखंडता
   (d) पंथनिरपेक्ष, अखंडता और समाजवादी

59. भारतीय संविधान के किस भाग में व किन अनुच्छेदों में नागरिकता संबंधी प्रावधानों का उल्लेख मिलता है?
   (a) भाग-1 में अनुच्छेद 1 से 4 तक
   (b) भाग-2 में अनुच्छेद 5 से 11 तक
   (c) भाग-3 में अनुच्छेद 12 से 35 तक
   (d) भाग-4 में अनुच्छेद 36 से 51 तक

60. निम्नलिखित में से किस याचिका (Writ) का शाब्दिक अर्थ होता है- 'हम आदेश देते हैं'?
   (a) बंदी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus)
   (b) परमादेश (Mandamus)
   (c) अधिकार पृच्छा (Quo Warranto)
   (d) उत्प्रेषण (Certiorari)

61. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?
   (a) भारत में एक ही व्यक्ति को एक ही समय में दो या अधिक राज्यों में राज्यपाल नियुक्त नहीं किया जा सकता।
   (b) भारत में राज्यों के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राज्य के राज्यपाल द्वारा नियुक्त किये जाते हैं, ठीक वैसे ही जैसे उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।
   (c) भारत के संविधान में राज्यपाल को उसके पद से हटाने हेतु कोई भी प्रक्रिया अधिकथित नहीं है।
   (d) विधायी व्यवस्था वाले संघ राज्यक्षेत्र में मुख्यमंत्री की नियुक्ति उपराज्यपाल द्वारा बहुमत समर्थन के आधार पर की जाती है।

62. केंद्र और राज्यों के बीच होने वाले विवादों का निर्णय करने की भारत के उच्चतम न्यायालय की शक्ति किसके अंतर्गत आती है?
   (a) परामर्शदात्री अधिकारिता के अंतर्गत
   (b) अपीलीय अधिकारिता के अंतर्गत
   (c) मूल अधिकारिता के अंतर्गत
   (d) रिट अधिकारिता के अंतर्गत

63. सरकारी विधेयक और निजी विधेयक में अंतर के बारे में क्या सही **नहीं** है?
   (a) सरकारी विधेयक किसी मंत्री द्वारा पेश किया जाता है और निजी विधेयक ऐसे सदस्य द्वारा पेश किया जाता है, जो मंत्री न हो।
   (b) सरकारी विधेयक पेश करने के लिये सात दिन का नोटिस, जबकि निजी विधेयक के लिये पंद्रह दिन का नोटिस आवश्यक होता है।
   (c) सरकारी विधेयक के पारित होने की संभावना अधिक होती है, जबकि निजी विधेयक की संभावना कम होती है।
   (d) सरकारी विधेयक सदन में अस्वीकृत होने पर सरकार पर अविश्वास पैदा होता है और उसे इस्तीफा तक देना पड़ सकता है। निजी विधेयक के मामले में ऐसा नहीं होता।

64. ग्रामसभा क्या है?
   (a) यह पंचायत राज की मूल संस्था है, जिसमें गाँव के सभी पंजीकृत मतदाता शामिल होते हैं।
   (b) केवल बुजुर्ग पुरुष जनसंख्या की एक संगठित सार्वजनिक बैठक है।
   (c) यह उन लोगों का एक समूह है, जो राज्य विधायिका में नामित हैं।
   (d) इसमें पंचायत के केवल निर्वाचित सदस्य होते हैं।

65. भारत के संविधान में कुल कितनी अनुसूचियाँ हैं?
   (a) 8 (b) 10
   (c) 11 (d) 12

66. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-368 का संबंध है-
   (a) केंद्र-राज्य संबंध से (b) संविधान संशोधन से
   (c) वित्त आयोग से (d) राष्ट्रपति शासन से

67. मिश्रित अर्थव्यवस्था में सम्मिलित होता है/होते हैं-
   (a) केवल निजी क्षेत्र
   (b) केवल सार्वजनिक क्षेत्र
   (c) निजी और सार्वजनिक दोनों
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

68. एक वर्ष में किसी देश के सामान्य निवासियों और उनकी संपत्ति द्वारा उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य को, चाहे वे घरेलू राज्यक्षेत्र के भीतर परिचालित हों या बाहर, क्या कहते हैं?

Drishti IAS

(a) सकल राष्ट्रीय आय (GNI)

(b) निवल राष्ट्रीय आय (NNI)

(c) सकल घरेलू उत्पाद (GDP)

(d) निवल घरेलू उत्पाद (NDP)

69. स्वतंत्र भारत में भूमि सुधारों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही हैं?

(a) हदबंदी कानून पारिवारिक जोत पर केंद्रित था, न कि व्यक्तिगत जोत पर।

(b) भूमि सुधारों का प्रमुख उद्देश्य सभी भूमिहीनों को कृषि भूमि प्रदान करना था।

(c) इसके परिणामस्वरूप नकदी फसलों की खेती कृषि का प्रमुख रूप बन गई।

(d) भूमि सुधारों ने हदबंदी सीमाओं को किसी भी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं दी।

70. मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के संबंध में कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

(a) इसे मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सितंबर 2008 में प्रारंभ किया गया था।

(b) इसके अंतर्गत समस्त कृषि उपज मंडी समितियों के मंडी प्रांगण में कृषकों को 5 रुपए प्रति थाली भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

(c) इस योजना के अंतर्गत वर्तमान में कृषि कार्य करते हुए कृषक की मृत्यु होने पर सहायता राशि के रूप में 4 लाख रुपए दिये जाएंगे।

(d) उपर्युक्त सभी।

71. फिलिप्स वक्र के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) अमेरिका के अर्थशास्त्री ए.डब्ल्यू. फिलिप्स द्वारा फिलिप्स वक्र की संकल्पना प्रतिपादित की गई।

(b) फिलिप्स वक्र ऋणात्मक ढाल वाला होता है।

(c) फिलिप्स वक्र के अनुसार मुद्रास्फीति की दर और बेरोज़गारी की दर के बीच व्युत्क्रमानुपाती संबंध पाया जाता है।

(d) फिलिप्स वक्र दीर्घकाल में लंबवत् हो जाता है।

72. गरीबी निवारण के प्रभावपूर्ण अस्त्र के रूप में स्वयं सहायता समूह के विचार को किसने प्रस्तुत किया?

(a) मो. यूनुस (b) अमर्त्य सेन

(c) दादाभाई नौरोजी (d) एस. चक्रवर्ती

73. निम्नलिखित किस स्थल से प्रागैतिहासिक गुफा शैलचित्र मिले हैं?

(a) बागौर (b) मेहरगढ़

(c) भीमबेटका (d) मास्की

74. कालिदास की निम्नलिखित रचनाओं में कौन-से नाटक हैं?

1. ऋतुसंहारम् 2. मालविकाग्निमित्रम्

3. अभिज्ञानशाकुन्तलम् 4. कुमारसम्भवम्

**कूट:**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

75. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (हड़प्पा स्थल)** | **सूची-II (उत्खननकर्त्ता)** |
|---|---|
| A. लोथल | 1. एस.आर. राव |
| B. कालीबंगन | 2. आर.एस. बिष्ट |
| C. धौलावीरा | 3. बी.बी. लाल |
| D. हड़प्पा | 4. माधोस्वरूप वत्स |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

76. अशोक से पूर्व निम्नलिखित में से किस शासक ने शांतिवादी नीति को अपनाया था?

(a) चंद्रगुप्त मौर्य (b) अखनातून

(c) सेल्यूकस (d) दारयबहु

77. निम्नलिखित किस शासक ने प्रसिद्ध सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार कराया था?

(a) रुद्रदामन द्वितीय (b) समुद्रगुप्त

(c) रुद्रदामन प्रथम (d) चंद्रगुप्त

78. राजा कृष्णदेवराय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) वे तेलुगु और संस्कृत के एक बड़े विद्वान थे।

(b) विदेशी यात्री पायस और नूनिज़ उनके दरबार में आए थे।

(c) उनके साम्राज्य में प्रचलित महान न्याय और निष्पक्षता के लिये बारबोसा ने उनकी प्रशंसा की।

(d) उन्होंने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति आमुक्तमाल्यद की रचना संस्कृत में की।

79. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार सजाइये-

1. इलाहाबाद की संधि 2. अमृतसर की संधि

3. मंगलोर की संधि 4. सालबाई की संधि

**कूट:**

(a) 1–4–3–2 (b) 3–4–2–1

(c) 1–2–3–4 (d) 2–1–3–4

Drishti IAS

80. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सही सुमेलित है?

| कॉन्ग्रेस अधिवेशन | | घोषणा |
|---|---|---|
| (a) 1905 का बनारस अधिवेशन | – | बंगाल विभाजन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया |
| (b) 1906 का कलकत्ता अधिवेशन | – | कॉन्ग्रेस का संविधान तैयार किया गया |
| (c) 1908 का मद्रास अधिवेशन | – | स्व-शासन को कॉन्ग्रेस के लक्ष्य के रूप में घोषित किया गया |
| (d) 1907 का सूरत अधिवेशन | – | पृथक् निर्वाचन क्षेत्र पर अस्वीकृति व्यक्त की गई |

81. त्रिपुरी संकट के समय किस राष्ट्रीय नेता ने एक प्रस्ताव के माध्यम से पुरानी वर्किंग कमेटी तथा गांधीवादी नीतियों में आस्था व्यक्त की और सुभाषचंद्र बोस से कहा कि वे गांधीजी की इच्छानुसार अपनी नई कार्यकारिणी का चयन करें?
   (a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
   (b) पट्टाभि सीतारमैया
   (c) गोविंद बल्लभ पंत
   (d) जवाहरलाल नेहरू

82. एलिफेंटा द्वीप के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
   (a) एक विशाल हाथीनुमा संरचना वहाँ पाई जाने के बाद ब्रिटिश द्वारा इसे यह नाम दिया गया।
   (b) इसमें एक विशाल गुफा है।
   (c) विष्णुधर्मोत्तर पुराण में वर्णित विष्णु की एक भव्य नक्काशी के लिये यह सुविख्यात है।
   (d) यह पाशुपत संप्रदाय (पंथ) से संबद्ध है।

83. भारतीय मूर्तिकला शैलियों से संबंधित निम्नलिखित में कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?
   (a) गांधार कला की प्रारंभिक बौद्ध मूर्तियों में बुद्ध का मुख ग्रीक देवता अपोलो के समान है तथा मूर्तियों का परिवेश रोमन 'टोगा' जैसा है।
   (b) गांधार कला शैली की उत्पत्ति एशिया माइनर क्षेत्र की हैलेनिस्टिक कला से हुई थी।
   (c) मथुरा कला विशुद्ध रूप से भारतीय कला है तथा इस शैली की मूर्तियों में आध्यात्मिकता एवं भावुकता की प्रधानता है।
   (d) मथुरा कला शैली यथार्थवादी है, जबकि गांधार कला शैली आदर्शवादी है।

84. ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2020 में पुरुष एकल में निम्न में से कौन विजेता रहा?
   (a) जो सैलिसबरी
   (b) नोवाक जोकोविच
   (c) राफेल नडाल
   (d) अभिनव बिंद्रा

85. 23वाँ फीफा फुटबॉल विश्व कप का आयोजन निम्न में से कब और कहाँ होगा?
   (a) 2023, ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूज़ीलैंड
   (b) 2022, इंग्लैंड
   (c) 2021, भारत
   (d) 2026, अमेरिका, मेक्सिको, कनाडा

86. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का प्रारंभ कब हुआ?
   (a) सितंबर 2020
   (b) सितंबर 2019
   (c) अगस्त 2014
   (d) अगस्त 2016

87. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत त्रि-भाषा फॉर्मूला निम्न में से किस प्रकार के संस्थानों पर लागू होगा?
   (a) केवल निजी शिक्षण संस्थानों पर
   (b) केवल सरकारी शिक्षण संस्थानों पर
   (c) निजी और सरकारी, दोनों प्रकार के शिक्षण संस्थानों पर
   (d) इनमें से कोई नहीं।

88. राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (NHRDF) द्वारा विकसित की गई एनएचओ-920 है-
   (a) हाइब्रिड टमाटर की एक प्रजाति
   (b) दुधारू गाय का क्लोन
   (c) प्याज की एक नई किस्म
   (d) इनमें से कोई नहीं।

89. मध्य प्रदेश सरकार के/की नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण मंत्री हैं-
   (a) हरदीप सिंह डंग
   (b) ऊषा ठाकुर
   (c) विश्वास सारंग
   (d) प्रद्युम्न सिंह तोमर

90. मध्य प्रदेश का 52वाँ ज़िला कौन-सा बना है?
   (a) आगर मालवा
   (b) निवाड़ी
   (c) सीहोर
   (d) सिंगरौली

91. इंदौर स्थित हवाई अड्डे का नाम है-
   (a) राजा भोज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
   (b) माधवराव सिंधिया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
   (c) रानी लक्ष्मीबाई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
   (d) देवी अहिल्याबाई होलकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

Drishti IAS

92. गजरा राजा चिकित्सा महाविद्यालय कहाँ स्थित है?
(a) जबलपुर में
(b) ग्वालियर में
(c) भोपाल में
(d) रीवा में

93. हाल ही में मांडू महोत्सव का आयोजन किस राज्य में किया गया?
(a) उत्तर प्रदेश
(b) राजस्थान
(c) मध्य प्रदेश
(d) झारखंड

94. मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाने वाला कबीर सम्मान किस क्षेत्र से संबंधित है?
(a) भारतीय कविता
(b) लोक संगीत
(c) शासकीय संगीत
(d) हिन्दी साहित्य

95. फरवरी 2021 में भारत की किस स्टार एथलीट को असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने डीएसपी नियुक्त करने का फैसला किया है?
(a) हिमा दास
(b) दुली चंद
(c) रमेश सिंधु
(d) सुधा सिंह

96. 'क्वाशिओरकर' रोग का कौन-सा लक्षण **नहीं** है?
(a) इसमें चेहरे पर आँखें उभरी हुई लगती हैं।
(b) पैर लंबे, पतले व मुड़े होते हैं।
(c) शरीर की त्वचा ढीली होकर लटकने लगती है।
(d) पेट बाहर की ओर निकल आता है।

97. जून, 2021 में 47वें G7 शिखर सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया?
(a) ब्रिटेन
(b) फ्राँस
(c) भारत
(d) जापान

98. हाल ही में भारतीय तेज़ गेंदबाज़ ईशांत शर्मा टेस्ट क्रिकेट में कितने विकेट लेने वाले देश के छठे भारतीय और तीसरे तेज़ गेंदबाज़ बन गए हैं?
(a) 200 विकेट
(b) 300 विकेट
(c) 500 विकेट
(d) 700 विकेट

99. हाल ही में किस देश की धाविका बीट्रीस चेप्कोएच ने 5 किमी. रोड रेस को 14 मिनट 43 सेकेंड में पूरा करके विश्व रिकॉर्ड बनाया है?
(a) केन्या
(b) घाना
(c) माली
(d) नाइजीरिया

100. IPv6 कितने बिट का एड्रेस है?
(a) 128
(b) 28
(c) 64
(d) 32

## एम.पी.पी.एस.सी. प्रारंभिक परीक्षा-2020
## सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-3)
### उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 26. | (c) | 51. | (a) | 76. | (b) |
| 2. | (a) | 27. | (d) | 52. | (a) | 77. | (c) |
| 3. | (a) | 28. | (c) | 53. | (c) | 78. | (d) |
| 4. | (c) | 29. | (a) | 54. | (a) | 79. | (a) |
| 5. | (b) | 30. | (b) | 55. | (a) | 80. | (a) |
| 6. | (b) | 31. | (a) | 56. | (d) | 81. | (c) |
| 7. | (b) | 32. | (d) | 57. | (c) | 82. | (d) |
| 8. | (c) | 33. | (d) | 58. | (c) | 83. | (d) |
| 9. | (d) | 34. | (a) | 59. | (b) | 84. | (b) |
| 10. | (d) | 35. | (d) | 60. | (b) | 85. | (d) |
| 11. | (a) | 36. | (b) | 61. | (c) | 86. | (a) |
| 12. | (b) | 37. | (d) | 62. | (c) | 87. | (c) |
| 13. | (d) | 38. | (c) | 63. | (b) | 88. | (c) |
| 14. | (d) | 39. | (d) | 64. | (a) | 89. | (a) |
| 15. | (d) | 40. | (d) | 65. | (d) | 90. | (b) |
| 16. | (d) | 41. | (d) | 66. | (b) | 91. | (d) |
| 17. | (c) | 42. | (d) | 67. | (c) | 92. | (b) |
| 18. | (a) | 43. | (d) | 68. | (a) | 93. | (c) |
| 19. | (d) | 44. | (d) | 69. | (b) | 94. | (a) |
| 20. | (d) | 45. | (d) | 70. | (b) | 95. | (a) |
| 21. | (b) | 46. | (c) | 71. | (a) | 96. | (c) |
| 22. | (a) | 47. | (a) | 72. | (a) | 97. | (a) |
| 23. | (b) | 48. | (a) | 73. | (c) | 98. | (b) |
| 24. | (d) | 49. | (b) | 74. | (b) | 99. | (a) |
| 25. | (b) | 50. | (a) | 75. | (a) | 100. | (a) |

Drishti IAS